कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

www.nnindianews.com

NNI हर खबर पर पक्की नजर

वर्ष :03, अंक :-280, पृष्ठ : 12 | मूल्य- 04.00 रुपये मात्र | शनिवार, 20 अप्रैल, 2024

## हादसाः सड़क दुर्घटना में चार की हुई मौत



**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में हुए सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, उन्नाव में बस पलटने से 30 लोग घायल हो गए। इन घायलों में एक की हालत नाजुक है। ट्रैक्टर और ट्रक के बीच टक्कर में एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। दोनों हादसों में वाहन ड्राइवर के नियंत्रण से बाहर चला गया, जिसके कारण हादसा हुआ। घायलों को अस्पताल ले जाया गया और यहां उनका इलाज जारी है। मैनपुरी में खड़े ट्रैक्टर में ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे चार लोगों की हुई मौत, एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। ये सभी लोग जनपद कन्नौज के ग्राम कुंवरपुर के रहने वाले थे और नामकरण संस्कार के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ट्रैक्टर आए थे। हालांकि, भोगांव क्षेत्र में द्वारकापुर के पास हुए हादसे ने उनकी खुशी को गम में बदल दिया। वहीं उन्नाव में बारातियों से भरी बस आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर पलट गई। बस में सवार करीब 30 बाराती घायल हो गए। इनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 251 के पास हुआ हादसा। बारात गुडगांव से जौनपुर जा रही थी। घायल बातियों के मुताबिक ड्राईवर को नींद की झपकी आने से बस अनियंत्रित हो गई और हाइवे नीचे से खंती में जाकर पलट गई। हादसे के बाद पुलिस ने घायलों को बांगरमऊ अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। यहां से 20 घायलों को जिला अस्पताल किया गया रेफर, एक घायल को लखनऊ ट्रामा सेंटर रिफर किया गया है। यह घटना बेहटा मुजवार थाना क्षेत्र के सबली खेड़ा गांव के पास की है।

## गाजियाबाद के कबाड़ गोदाम में लगी भीषण आग

**गाजियाबाद।** खोड़ा कॉलोनी के पास आगजनी की घटना सामने आई है। यहां एक कबाड़ के गोदाम में देर रात आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें काफी ऊपर तक उठती देखी गईं। आसपास रहने वाले लोगों में अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंची फायर सर्विस यूनिट की 10 गाड़ियों ने करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही, नुकसान का भी आकलन किया जा रहा है। गोदाम में रखीं कई गाड़ियां और लाखों का सामान जलकर राख हो गया। गाजियाबाद के अलावा अन्य जिलों से भी दमकल की गाड़ियों को आग बुझाने के लिए बुलाया गया। आग इतनी भयंकर है कि हर तरफ धुआं-धुआं हो गया है। हालांकि, आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। गाजियाबाद में कई अवैध रूप से चल रहे कबाड़ के गोदाम में गर्मियों के दौरान अक्सर आगजनी की घटना होती देखी जा चुकी हैं।

## मनीष सिसोदिया को नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 247 दिन से जेल में बंद दिल्ली के पूर्व डिप्टी उट मनीष सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया। आप नेता सिसोदिया पर दिल्ली शराब नीति में भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। उन्हें 26 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए कहा- घोटाले से जुड़े कई सवालों के जवाब अभी नहीं मिले हैं। इनमें 338 करोड़ का लेन-देन हुआ है, जिसमें सिसोदिया की भूमिका संदिग्ध लग रही है। इसलिए याचिका खारिज की जाती है। कोर्ट ने जांच एजेंसियों को भी निर्देश दिया कि ट्रायल 6 से 8 महीने में पूरा करें।









# युवक की रंजिशन हत्या, दो घंटे जाम रहा हाइवे



## पिता बोले रास्ते में घेरकर की गई हत्या, पुलिस ने 5 के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

बाह। भाऊपुरा में सुनील कुमार की हत्या किए जाने की रिपोर्ट पिता रामप्रकाश ने दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि नरहौली के फुंदी पंडित का सुनील ने खेत बटाई पर लिया था। जो घर से करीब 500 मीटर दूर है। ब्रहस्पतिवार शाम 4.30 बजे वह गेंहू की फसल काटने गया था। रात 10.30 बजे राखी उसे खाना खिलाने गई थी। रात 11 बजे सुनील खेत से घर लौट रहा था। रास्ते में राजकीय नलकूप के पास गांव के सत्यभान, आकाश, शैलेन्द्र, सत्यपाल, महेन्द्र सिंह ने रंजिशन लाठी, डंडे, फरसा, कुल्हाड़ी, सरिया के प्रहार से हत्याकर शव सड़क किनारे खंदी में डाल दिया। रात में बेटे के घर न लौटने पर तलाश कर रहे थे। तभी शव मिलने की जानकारी मिली। प्रभारी निरीक्षक बाह श्याम सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है।

एनएनआई

**बाह।** बाह के भाऊपुरा गांव में शुक्रवार की सुबह 6 बजे के करीब राम प्रकाश के बेटे सुनील कुमार (28) का शव सड़क किनारे खंदक में पड़ा मिला था। सिर, बाजू पर धारदार प्रहार की चोट के निशान थे। पहने हुए कपड़े भी फटे थे। शव मिलने के तीन घंटे बाद भी पुलिस के मौके पर न पहुंचने पर परिजन और गांव के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और गांव में आगरा, इटावा वाया बाह स्टेट हाईवे को जाम कर दिया। जाम की जानकारी पर एसीपी बाह गौरव सिंह बाह, बासौनी, पिनाहट सर्किल के सभी थानों का फोर्स लेकर मौके पर पहुंच गये। स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता पर आक्रोशित लोग जाम खोलने को राजी नहीं हुए। सुनील कुमार की रंजिशन हत्या का आरोप लगाया। करीब दो घंटे बाद एफआईआर और कार्रवाई के आश्वासन पर जाम खुल सका। जाम के दौरान हाइवे दोनों ओर वाहनों लंबी लाइन लग गयी थी। मृतक ने अपने पीछे पत्नी राखी और दो बेटे एक बेटी को छोड़ा है। परिवार में मातमी कोहराम मच गया है। एसीपी बाह गौरव सिंह ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है। 5 के खिलाफ हत्या, साक्ष्य मिटाने, एससीएसटी एक्ट में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में दविशें दी जा रही हैं।

# दामाद ने सास और पत्नी को पीटा बीच बचाव में घायल हुए सभासद

एनएनआई

**बाह।** कस्बे के गंज मोहल्ले में अपनी ससुराल पहुंचे दामाद ने पत्नी और सास के साथ मारपीट कर दी। बीच बचाव करने पहुंचे सभासद को भी नहीं छोड़ा। मोहल्ला गंज की राजकुमारी पत्नी कौशल ने पुलिस को बताया कि बेटी ने कोर्ट मैरिज की है। शुक्रवार को कुछ लोगों के साथ आये दामाद ने आभूषण और 20 हजार रुपये बेटी शिवानी से मांगे, उसने मना किया तो मारपीट शुरू कर दी और से खींच कर ले जाने लगे। बचाने की कोशिश की तो उनके साथ भी मारपीट की। भीड़ बढ़ने पर पथराव शुरू कर दिया। बीच बचाव को पहुंचे सभासद हरी सिंह को भी पीट दिया। बाह पुलिस ने तीनों घायलों का मेडीकल कराया है। प्रभारी निरीक्षक बाह श्याम सिंह ने बताया कि मेडीकल रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर कार्रवाई होगी।



# यमुना एक्सप्रेसवे पर बन रहा उत्तरी बाईपास का इंटरचेंज

एनएनआई

**खंदौली (आगरा)।** यमुना एक्सप्रेसवे के किमी 141 गांव सुक्खा की गढ़ी (बलदेव) पर इंटरचेंज व पुल बनाने का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है जिसके चलते यमुना एक्सप्रेसवे पर वाहनों की गति धीमी की गई है और वाहन चालकों से धीमी रफ्तार से चलने के साइन भी बोर्ड लगाये गये है एवं वाहनों की 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार एक्सप्रेसवे अथॉरिटी द्वारा रखी गई है । फरह (मथुरा ) से यमुना एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 141 पर जुड़ रहा है उत्तरी बाईपास इससे आगरा-मथुरा आगरा अलीगढ़ हाईवे,आगरा ग्वालियर हाईवे पर आसानी से शहर से बहार आ जा सकेंगे । यमुना एक्सप्रेसवे खंदौली टोल इंचार्ज तुलसीराम गुर्जर ने बताया कि किलोमीटर 141 पर उत्तरी बाईपास के बन रहे इंटरचेंज के निर्माणाधीन क्षेत्र में हादसा रोकने के लिये वाहनों की रफ्तार 30 किलोमीटर प्रति घण्टे की गई है वही सुरक्षा गार्डो की तैनाती के साथ साइन बोर्ड, फॉग लाइट व सुरक्षा हेतु पेट्रोलिंग गाड़ी को गश्त करने के निर्देश भी दिये गये है।



# देश में व्यापारियों का है सबसे बड़ा योगदान - रज्जन पाल

## युवा व्यापार मंडल द्वारा आयोजित किया गया शपथ ग्रहण समारोह




एनएनआई

**कासगंज/दरियावगंज।** गुरुवार शाम को कासगंज जिले के दरियावगंज कस्बे में उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मंडल युवा इकाई का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। इस दौरान पूर्व विधायक रज्जन पाल सिंह चौहान को व्यापार मंडल का प्रधान संरक्षक घोषित किया गया।

कस्बा दरियावगंज में युवा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथि पूर्व विधायक रज्जन पाल सिंह चौहान ने कहा कि व्यापारी समाज ही देश का सच्चा हितैषी है और इस देश को चलाने में चलाने में व्यापारियों का सबसे बड़ा योगदान है, उन्होंने कहा कि भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था में बनाने में भी सबसे ज्यादा योगदान भारत के व्यापारियों का ही होगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के कासगंज जिला अध्यक्ष सुरेश वार्ष्णेय ने कहा अगर हम सभी व्यापारी इकट्ठे रहे तो कोई भी हमारे व्यापार की तरफ टेढ़ी निगाह से नहीं देख पाएगा और ना ही कोई अधिकारी हमें परेशान कर पायेगा। युवा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष डॉ. विकास गुप्ता ने कहा कि पहले व्यापारी अपने शटर बंद करके घर चले जाया करते थे अब सभी व्यापारी इकट्ठे होकर सर्व छापे का विरोध करते हैं, उन्होंने कहा पहले अधिकारी बिना बताए दुकानों में सीधे घुस जाते थे अब अधिकारिए को गलत कार्य करने से पूर्व सोचना पड़ता है। शपथ ग्रहण समारोह में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेद प्रकाश गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किये। शपथ ग्रहण समारोह मे दरियावगंज व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता राजू ने सभी आगुंतक अतिथियों का माल्यार्पण और शाल उड़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन युवा व्यापार मंडल के महामंत्री कुश गुप्ता ने किया। शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत देवी जागरण का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युवा नगर अध्यक्ष कृष्णकांत गुप्ता, नगर चेयरमैन बंसी गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष संजय साहू, कोषाध्यक्ष अंशुल गुप्ता, महामंत्री अनमोल गुप्ता, नगर प्रभारी प्रशांत गुप्ता, राहुल शर्मा, राजू वर्मा, मनोज शाक्य, रजत वर्मा, सतीश राठौर, अमित गुप्ता, राजीव कुमार शाक्य, दिनेश शाक्य, दीपक गुप्ता, सचिन गुप्ता, सुनील श्रीवास्तव, विकासदीप गुप्ता, अजीत वर्मा, नीरज गुप्ता, राहुल गुप्ता एडवोकेट आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# 'कन्या बनके मैया आई जईयो, बुलावे जोगन तेरी...

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

RNI Title Code no UPHIN49797

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

एनएनआई

**बाह।** शुक्रवार को बाह-जैतपुर क्षेत्र के गांव कस्बों से जवारे विसर्जन के लिए महिला श्रद्धालुओं की टोलियां निकली। 'कन्या बनके मैया आई जईयो, बुलावे जोगन तेरी...' जैसे माता के भजन गाती, नांचती महिलाओं की टोलियों ने जमकर गुलाल उडाया। बाह हाइवे से लेकर फरैरा, बासौनी, जैतपुर, कचौराघाट, नहटोली, अभयपुरा, भदरौली, पुराकनेरा, रैंका, बिचोला, रजपुरा, होलीपुरा मार्ग पर ढोल नंगाढे और डीजे पर माता के भजनों पर नांचती हुई महिलाएं बटेश्वर की ओर निकली। नवरात्र में अंकुरित जवारे और स्थापित देवी प्रतिमाओं को विसर्जन के दौरान देवी भक्ति परवान चढी। महिलाओं मिथलेश, विमला देवी, कमलेश देवी, बर्षा, शिवानी, सोनी, पूजा, अंशिका, ऊषा देवी आदि ने बताया कि माता रानी से परिवार की सुख संमृद्धि की कामना के साथ जवारे अंकुरित किए थे।



# चुनाव में कुंड खुदवाना भूला प्रशासन, यमुना में प्रतिमा विसर्जन रहा जारी

**बाह।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटा प्रशासन बटेश्वर में देवी प्रतिमा विसर्जन के लिए अस्थाई कुंड खुदवाना भूल गया। यही बजह रही कि शुक्रवार को तीसरे दिन भी यमुना नदी में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन जारी रहा। बाह, जैतपुर, पिनाहट, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद, सिरसागंज, इटावा क्षेत्र के श्रद्धालु गीत गाते हुए अबीर गुलाल उड़ाते हुए बटेश्वर पहुंचे। यमुना नदी में प्रतिमाओं का विसर्जन कर गौरी शंकर मंदिर में शिव पार्वती को पूजा। मंदिर के पुजारी जय प्रकाश गोस्वामी ने बताया कि कुंड नहीं खुदने की बजह से यमुना नदी में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ है।

कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना ब्रज

शनिवार, 20 अप्रैल, 2024 www.nnindianews.com

NNI हर खबर पर पक्की नजर



## नुमाइश मैदान से एक किमी तक अभेद्ध सुरक्षा, नो फ्लाइंग जोन

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में 22 अप्रैल को पीएम नरेंद्र मोदी की रैली को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। सुरक्षा इंतजामों की बात करें तो आयोजन स्थल का एक किमी एरिया अभेद्ध सुरक्षा घेरे में रखना तय किया गया है और इसे नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। बी बुक के अनुसार एक एक इंतजाम किया जा रहा है और एसपीजी हर इंतजाम पर नजर रखे हुए है। शुक्रवार को भी अधिकारियों ने आयोजन स्थल का जायजा लेकर तैयारियां देखीं। 22 अप्रैल को होने वाली पीएम की रैली को लेकर पुलिस, प्रशासन, अग्निशमन, विद्युत, विद्युत सुरक्षा, पीडब्ल्यूडी सहित 16 विभागों के अफसरों को जिम्मा दिया गया है। इन सभी विभागों के अधिकारी भी तैयारियों में लगे हैं। सभी एसपीजी के कोआर्डिनेशन में हैं। इस दौरान एसपीजी के मानक के अनुसार मंच व माइक आदि पर विद्युतीकरण के इंतजाम तय किए गए हैं। साथ में मंच के ठीक पीछे मिनी पीएमओ-वीवीआईपी चैंबर के साथ बनवाया जा रहा है। जिसमें दो हॉट लाइन इंटरनेट, वाईफाई, फैक्स, लैपटॉप, फोटो स्टेट व एक कार्मिक की व्यवस्था की जाएगी। वहीं पीएम के लिए हेलीपैड नुमाइश मैदान में व अन्य वीवीआईपी व सुरक्षा टीम के लिए



आईटीआई में बनाया जाएगा। अब तक की तैयारियों को दो आरएएफ व आठ कंपनी पीएसी के अलावा मुख्यालय तक से फोर्स मंगाना तय किया गया है। इसे लेकर एसएसपी संजीव सुमन इतना ही बताते हैं कि सभी तैयारियां हो रही हैं। सुरक्षा के हर मानक का ध्यान रखा जाएगा। पीएम 2019 के लोकसभा चुनाव की रैली को संबोधित करने आए थे तो उनके मंच के नीचे विद्युत स्पार्क से आग लगी थी। इस घटना को याद रखते हुए विद्युत संरक्षा विभाग को पत्र लिखकर उस घटना को याद दिलाया गया है। साथ में अग्निशमन विभाग को पत्र भेजा गया है।

## बहन से छेड़छाड़, मां-बेटे को रॉड से पीटा

**एटा।** थाना कोतवाली नगर के एक मोहल्ले में किशोरी से छेड़छाड़ की गई। विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी मां और भाई को लोहे की रॉड से पीटकर घायल कर दिया। दोनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। घायल युवक ने बताया कि शहर के न्यू रेवाड़ी मोहल्ला निवासी रिजवान उर्फ आशू व उसका छोटा भाई अनस आए दिन उसकी छोटी बहन के साथ छेड़छाड़ करते हैं। विरोध करने पर गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हैं। इनके पास हमारी दुकान का फर्नीचर है। जो कि 2020 से यह लोग रखे हुए हैं, मांगने पर गालियां देते हैं। शुक्रवार दोपहर लगभग 1 बजे छोटी बहन के साथ छेड़छाड़ की। जब हम लोगों ने विरोध किया तो दोनों भाइयों के साथ ही इनका पिता सलीम भी लोहे की रॉड लेकर आया।

कामदा एकादशी:

## बांकेबिहारी मंदिर में सजाया गया भव्य फूल-बंगला

**मथुरा।** तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन में शुक्रवार को कामदा एकादशी धूमधाम से मनाई जा रही है। इस अवसर पर ठाकुर श्रीबांकेबिहारी मंदिर में भगवान के दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। भारी भीड़ के कारण मंदिर की व्यवस्थाएं ध्वस्त नजर आईं। धक्का-मुक्की के बीच श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश मिल पाया। शुक्रवार को चैत्र शुक्ल की एकादशी पर श्रीबांकेबिहारी मंदिर में पहला भव्य फूल बंगला सजाया गया। आज से मंदिर में निरंतर 107 दिन तक सुबह और शाम की बेला में फूल बंगले सजेंगे। इन फूल बंगलों के लिए देश के कई शहरों से तरह-तरह के फूल लाए जाएंगे। श्रीबांकेबिहारी मंदिर की प्राचीन धर्म परंपरा के अनुसार, हिंदी माह चैत्र की कामदा एकादशी से ठाकुर जी को शीतलता प्रदान की जाएगी। इसके लिए तरह-तरह के पुष्पों, मेवा, फल आदि की दिव्य झांकियां और बंगले बनाए जाएंगे। इससे ठाकुर जी को शीतलता प्रदान करने की सेवा शुरू की जाएगी। पुष्प और लता-पताओं से सेवित करने की परंपरा देवकाल से चली आ रही है।

अब इस परंपरा ने फूल बंगलों का रूप ले लिया है। 19 अप्रैल शुक्रवार को कामदा एकादशी से लेकर सावन मास की अमावस्या चार अगस्त तक प्रभु को सुगंधित पुष्पों से सुसज्जित किया जाएगा।

## आग लगने से डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जली



**अजीतमल।** गांव सेऊपुर में शुक्रवार की दोपहर गेहूं के खेत में आग लग गई। इससे लगभग डेढ़ बीघा खेत पर खड़ी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग से किसान पूरी तरह तबाह हो गया है। पीड़ित ने तहसील प्रशासन से आर्थिक मदद दिलाए जाने की मांग की है। क्षेत्र के गांव आलमगीर निवासी किसान सरमन लाल राजपूत के दो बीघा खेत पास ही स्थित गांव सेऊपुर में हैं। सरमनलाल खेती और मजदूरी करके अपना व अपने परिवार का गुजर बसर करता है। शुक्रवार की दोपहर खेत में खड़ी गेहूं की फसल में अचानक से आग लग गई। इसकी जानकारी राहगीरों ने ग्रामीणों व पीड़ित किसान को दी। ग्रामीणों ने पास ही स्थित काली माता मंदिर में रखे फायर स्टींग्यूशर आदि का प्रयोग किया। साथ ही घरों से पानी लाकर आग में डालकर उसे बुझाया। आग लगने की जानकारी ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस और दमकल विभाग को भी दी। उनके पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक डेढ़ बीघा खेत में पकी खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से पीड़ित किसान को शासन से आर्थिक मदद दिलाए जाने की मांग की। तहसीलदार जितेश कुमार वर्मा ने बताया कि आग की जानकारी मिली है। संबंधित लेखपाल को भेजकर मौका मुआयना कराया जाएगा और अग्नि पीड़ित किसान को आर्थिक मदद भी दिलाई जाएगी।


## ऑटो-बाइक की भिड़ंत में किशोर की मौत

**बेला।** क्षेत्र के अंतर्गत बेला-कानपुर मार्ग स्थित पिपरौली बंबा के समीप शुक्रवार को तेज ऑटो और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। घटना में ऑटो सवार नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तिर्वा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कानपुर देहात के गांव खनकरी निवासी कुसमा मायके बेला में शादी समारोह में आई थी। शुक्रवार को वह अपनी ससुराल जाने के लिए बेटे विशाल (14), पूरन सिंह व बेटी अंजलि के साथ ऑटो से निकलीं। जैसे ही ऑटो बेला क्षेत्र के अंतर्गत बेला-कानपुर देहात मार्ग पर स्थित पिपरौली बंबा के समीप पहुंचा ही था। तभी सामने से तेज गति से आ रहे बाइक सवार से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। घटना में विशाल गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। घटना की जानकारी पर उप निरीक्षक मनीष कुमार, उप निरीक्षक पंकज मिश्रा मौके पर पहुंचे। कुसमा ने घटना की जानकारी परिवारीजनों को दी। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायल विशाल को तिर्वा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।

## मौसी की शादी में आई मासूम की पिकअप से कुचलकर मौत

**अछल्दा।** मौसी की शादी में शामिल होने आई मासूम शुक्रवार की दोपहर एक पिकअप की चपेट में आ गई। इससे कुचलकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद ही मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। क्षेत्र के गांव नगरिया निवासी अजय सिंह शाक्य की छोटी पुत्री राशि की शादी 23 अप्रैल को है। इसको लेकर शुक्रवार को सभी लोग तैयारियों में जुटे थे। शादी में अजय सिंह की बड़ी बेटी पूजा पत्नी सुधीर शाक्य निवासी नगला भग्गी इकदिल जिला इटावा बेटी शिप्रा उर्फ कष्वी (3) वर्ष के साथ आई थी। शुक्रवार की दोपहर लगभग 12 बजे शिप्रा को एक दुकान से कुछ सामान दिलाकर घर लौटी ही थी। तभी घर के सामने से एक पिकअप हार्न बजते हुए निकली। घर के सामने ऊंचे चबूतरे पर चढ़ते समय शिप्रा का पैर फिसल गया और वह लुढ़कते हुए पिकअप के पहिया के नीचे आ गई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पर क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार, थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय, उप निरीक्षक सुरेश कुमार पहुंचे। परिजनों के कहने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना से शादी की खुशियां गम में बदलकर गई। थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि परिजनों के अनुसार पिकअप गासीपुर निवासी एक युवक की थी।

**तृतीय पुण्यतिथि**



स्व0 श्री शील कुमार कुलश्रेष्ठ

जन्म 02.07.1948 – स्वर्गवास 20.04.2021

जिन्दगी में सब कुछ है मगर फिर भी कुछ कमी सी है। कितना भी मुस्कुरा ले, मगर इन आंखों में नमी सी है। जब से गए हैं आप, हमें अकेला छोड़ कर, चलती–फिरती जिन्दगी मानो थमी सी है।
आज आपकी तृतीय पुण्यतिथि पर हम सभी परिवारीजन अपने अश्रुपूरित नेत्रों से आपको श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।


**श्रद्धानवत् परिवार**

श्रीमती मन्जू लता कुलश्रेष्ठ (पत्नी), चेतन्य कुलश्रेष्ठ, हर्ष कुलश्रेष्ठ (भ्रातागण), अनुज कुलश्रेष्ठ, अनुपम कुलश्रेष्ठ, अमित कुमार भाँती (एडवोकेट) (पुत्रगण), आशीष कुलश्रेष्ठ, हिमान्शू कुलश्रेष्ठ (भतीजे), श्रीमती रूचि कुलश्रेष्ठ, श्रीमती हिमानी कुलश्रेष्ठ (भतीजी), यश कुलश्रेष्ठ, अंश भाँती (नाती), श्रीमती निष्ठा कुलश्रेष्ठ व पलक भाँती (नातिन)

निवास: 126, अशोक नगर, आगरा

# चार माह में भी नहीं कराई गोद की विधिक प्रक्रिया

- आदेश की अवमानना पर पालनहार मां फिर खटखटाएगी कोर्ट का दरवाजा
- परिवार में खूब चहचहा रही बिटिया, स्कूल में भी बनी हुई है आंख का तारा



एनएनआई

**आगरा।** हाईकोर्ट के आदेश पर बेटी तो पालनहार मां के सुपुर्द कर दी गई, लेकिन गोद देने की विधिक प्रक्रिया चार माह में भी पूरी नहीं कराई जा सकी। पालनहार मां अपनी ओर से औपचारिकताएं पूरी कर चुकी है। इसके बाद भी संज्ञान नहीं लिया गया। आदेश की अवमानना पर अब दोबारा से पालनहार मां हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। उधर बिटिया भी अपनों का प्यार पाकर फूली नहीं समा रही है। टेढ़ी बगिया निवासी एक पालनहार मां से उसकी आठ साल की बेटी छीनकर बाल गृह में निरुद्ध कर दी गई थी। बेटी की आजादी को लेकर पालनहार मां ने जिम्मेदारों से खूब गुहार लगाई। चिलचिलाती धूप में जिला मुख्यालय पर धरना दिया, लेकिन किसी का दिल नहीं पसीजा। यहां तक कि बेटी से मिलने पर भी पाबंदी लगा दी। बेटी से मिलने की आस में पालनहार मां घंटों बाल गृह के बाहर रोती रहती थी। जब कहीं से राहत नहीं मिली तो चाइल्ड राइट्स एक्टिविस्ट नरेश पारस के सहयोग से इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट के आदेश पर बेटी को पालनहार मां के सुपुर्द कर दिया गया। एक साप्ताह में गोद देने की प्रक्रिया पूरी कराने को कहा। पालनहार मां ने नरेश पारस के सहयोग से डीएम, डीपीओ, निदेशक महिला कल्याण विभाग, केंद्रीय दत्तक ग्रहण इकाई और बाल कल्याण समिति को पत्र दिए, लेकिन किसी ने संज्ञान नहीं लिया। हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना पर पालनहार मां एक बार हाईकोर्ट में याचिका दायर करेगी।

### सीडब्ल्यूसी का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण

बालिका के मामले में बाल कल्याण समिति द्वारा दिए आदेश को हाईकोर्ट ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया बताते हुए कहा था कि समिति ने बाल हित में फैसला नहीं दिया है। साथ ही डीपीओ की रिपोर्ट को भी लापरवाही भरा बताया था। हाईकोर्ट में इनकी खूब किरकिरी हुई थी। उसके बाद भी सबक नहीं लिया। कोर्ट की अवमानना भी भारी पड़ सकती है।

### अंजान सख्श को देख सहम जाती है बेटी

बाल गृह से आने के बाद से बेटी डरी हुई है। अंजान व्यक्ति को देखकर सहम जाती है। उसे डर है कि कहीं दुबारा से उसे बाल गृह में बंद न करा दें। वह परिवार में घुल मिल रही है। इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ने जाती है। शिक्षकों की आंख का तारा बनी हुई है। शादी समारोह में शामिल होकर बहुत खुश होती है। नरेश पारस ने कहाकि बच्ची अपनी मां के बिना नहीं रह पाएगी। हाईकोर्ट ने भी फैसला देते वक्त मार्मिक टिप्पणी की है कि कानूनी दांव पेंच से बेटी को मां से जुदा करना तो आसान है, लेकिन यशोदा जैसी मां दे पाना मुश्किल है।




# पुलिस ने दिव्यांग को सड़क पार करा रिक्शे में बैठाया

एनएनआई

**आगरा।** काफी देर से सड़क पार करने के लिए भीषण गर्मी में खड़े एक दिव्यांग पर जब थाना ट्रांसयमुना में तैनात एंटी रोमियो प्रभारी अखिलेश शर्मा की नजर पड़ी तो वह तुरंत टेढ़ी बगिया चौकी से बाहर निकले और दिव्यांग व्यक्ति का हाथ पकड़ कर उसको सड़क पार करवा रिक्शे में बैठाया। यह नजारा जब रोड पर गुजरने वाले राहगीरों ने देखा तो आगरा पुलिस की मानवता देख लोगों ने उनके सम्मान में तालियां बजाई। अखिलेश शर्मा गरीब असहाय लोगों की अक्सर मदद करते रहते हैं। उनके इस कार्य की हरतरफ सराहना हो रही है।


राम जी भंडारे वाले
थाली पूरी 45/-



8 पूरी, 2 सब्जी, रायता, अचार, मिठाई (पैठा/पेड़ा)
पैकिंग चार्ज 5 रु अतिरिक्त
50 पैकिट से ऊपर ऑर्डर पर डिलीवरी निःशुल्क
भंडारा (रिफाइंड)
50 किलो / 11000, 100 किलो / 19000 Rs
भंडारा (देसी घी)
50 किलो / 17000, 100 किलो / 27000 Rs
Mob : 8218820638, 9368713881
फ्रेंड्स टॉवर, संजय प्लेस, आगरा


# चंद्रभान का बजरंग दल से नहीं रहा कभी नाता

एनएनआई

**आगरा।** खंदौली में धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डालने और दुष्कर्म के आरोपी चंद्रभान का बजरंग दल से कभी कोई वास्ता नहीं रहा है। विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष रामेश्वर सिंह ने कहाकि थाना खंदौली के गांव में धर्मांतरण और दुष्कर्म के मामले में चंद्रभान नामक युवक को बजरंगदल का कार्यकर्ता बताया गया है। उन्होंने कहाकि चंद्रभान नाम का कोई भी कार्यकर्ता बजरंगदल का सदस्य नहीं है। न ही पूर्व में कभी उसका बजरंगदल से किसी भी प्रकार का नाता रहा है।

# महिला का धारदार हथियार से रेता गला

- परिजनों ने निजी अस्पताल में कराया भर्ती, महिला खतरे से बाहर

**आगरा (एनएनआई)।** नहाकर निकली महिला का अज्ञात युवक ने पीछे से बाल पकड़ कर धारदार हथियार से उसका गला रेत दिया। महिला को महिला को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के गौतम नगर वाल्मीकि बस्ती निवासी मनीष की पत्नी गायत्री पूर्वान्ह 11 बजे नहाकर दूसरी मंजिल पर बने अपने कमरे में गई तभी पीछे से काले कपड़ों में किसी अज्ञात युवक ने उसके बाल पकड़ कर उसके गले पर धारदार हथियार से वार कर दिया। धारदार हथियार से गला रेते जाने से महिला लहूलुहान हो गई। महिला ने चीख कर पकड़ो-पकड़ो चिल्लाना शुरू कर दिया। गायत्री की चीख पुकार सुन घर में मौजूद उसकी ननद, सास और ददिया सास जब दूसरी मंजिल पर कमरे में पहुंची तो उसे लहूलुहान हालत में पाया। आनन-फानन में परिजन महिला को पास के हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। उपचार के बाद महिला की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। गायत्री का पति मनीष मानसिक चिकित्सालय में सफाई कर्मचारी है। उसके दो बेटियां ताशु 3 वर्ष और भानु 4 वर्ष हैं। मनीष की गायत्री से शादी छह वर्ष पूर्व हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस फिलहाल मामले को संदिग्ध मान रही है।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन

कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना आगरा

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र

शनिवार, 20 अप्रैल, 2024 www.nnindianews.com



# प्रो. बघेल की सम्पत्ति पांच साल में हुई दूनी







एनएनआई

- निर्दलीयों को छोड़ ज्यादातर पार्टी के प्रत्याशी हैं करोड़पति

**आगरा।** लोकसभा चुनाव में आगरा सुरक्षित और फतेहपुर सीकरी सीट पर सभी प्रत्याशियों ने नामांकन कर दिया है। दोनों की सीट पर निर्दलीयों को छोड़ दें तो पार्टी सिम्बल पर चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशी करोड़पति हैं। आगरा सुरक्षित सीट पर सबसे ज्यादा संपत्ति सपा प्रत्याशी के पास है। सबसे कम नकदी निर्दलीय प्रत्याशी हसनूराम आंबेडकरी के पास है। बसपा प्रत्याशी भी करोड़पति हैं। भाजपा प्रत्याशी की संपत्ति 5 वर्ष में दोगुनी हो गई है। आगरा सुरक्षित सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल 2019 के लोकसभा में चुनाव जीते थे। उस समय दिए गए शपथ पत्र में प्रो. बघेल की व्यक्तिगत चल संपत्ति 50 लाख थी। पांच साल में यह बढ़कर 1.08 करोड़ रुपए यानी दोगुनी हो गई है। उनकी और पत्नी की संपत्ति 2019 में साढ़े सात करोड़ थी जो बढ़कर 2024 में 10 करोड़ रुपए हो गई है। 2019 में दिए गए शपथ पत्र में प्रो. एसपी सिंह बघेल पर फिरोजाबाद, टूंडला में दर्जन भर मुकदमे थे। पांच साल में सभी मुकदमे खत्म हो गए हैं। 2024 में दिए गए शपथ पत्र में प्रो. एसपी सिंह बघेल के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं है। प्रो. एसपी सिंह बघेल ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से पीएचडी की है। मेरठ से एलएलबी और आंबडेकर विवि आगरा से एमए किया है।

## बसपा प्रत्याशी पर है करोड़ों की भूमि

आगरा सुरक्षित सीट से बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही करोड़पति हैं। वे वर्तमान में कालिंदी विहार में रह रही हैं। मूल रूप से एटा की रहने वाली हैं और ससुराल हरियाणा में है। उनके पति पुनीत के पास 10 तोला सोना है। पुनीत के बैंक अकाउंट में करीब 80 लाख रुपए जमा हैं। हथियार भी हैं और अन्य संपत्तियों में पति के पास 2.75 करोड़ रुपए हैं।

## सपा प्रत्याशी पर है 30 करोड़ की संपत्ति

आगरा सुरक्षित सीट से सपा और कांग्रेस गठबंधन से सपा प्रत्याशी सुरेश चंद्र कर्दम अशिक्षित हैं। उन पर 30 करोड़ की संपत्ति है। वे जूता व्यवसायी हैं। उनके खिलाफ शांति भंग में पुलिस कमिश्नर के यहां वाद लंबित है। उनकी पत्नी के पास 40 हजार की नकदी है। सुरेश कर्दम पर ऋण नहीं है। इनके पास 3 करोड़ रुपए की भूमि है, जबकि पत्नी के नाम 75 लाख की भूमि है।

# निषाद समाज ने लिया फिर मोदी सरकार बनाने का संकल्प

### बिचपुरी ब्लॉक के गांवों में सांसद प्रत्याशी राजकुमार चाहर का ग्रामीणों ने किया स्वागत

एनएनआई



**आगरा।** फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर ने बिचपुरी ब्लॉक के गांव खासपुर, सिकंदरपुर, नगला तलफी और लालपुर में सहयोगी दल निषाद पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ जनसंपर्क किया। इस दौरान लोगों ने सांसद को हाथों-हाथ लेते हुए साफा और माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सांसद ने गांव में जनसंवाद किया। उन्होंने कहाकि निषाद समाज की भावनाओं का सम्मान भाजपा सरकार ने अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बनवाकर किया है। समाज के आराध्य निषादराज गुह ने भगवान राम के लिए समर्पण किया था। निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष कोमल सिंह निषाद और महानगर अध्यक्ष अश्वनी वर्मा ने कहाकि लोकसभा चुनाव में निषाद समाज मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पित है। ग्रामीणों ने सांसद को विभिन्न मांगों से अवगत कराया। सांसद ने गांव का सर्वांगीण विकास कराने का भरोसा दिया। इस मौके पर बाबा बालक दास, ज्ञान सिंह निषाद, सुनील कुमार, महेश निषाद, रामभरोसी लाल, पप्पू सिंह निषाद, सीमा निषाद, मनीषा निषाद, चौधरी उदयवीर सिंह प्रधान, चौधरी भूरी सिंह, रवि चौधरी, सुंदर सिंह निषाद, सवाई सिंह, शांति निषाद, राजेश फौजी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सोनू दिवाकर, गौरीशंकर सिकरवार, हरेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र चाहर, राघवेंद्र फौजदार आदि मौजूद रहे।



# जन्मे राजकुमारो, दुनिया को पालन हारो...



- कलाकुंज जैन मंदिर मारुति स्टेट में हुआ महावीरा झूले पलना' का आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** वात्सल्य सेवा समिति और वीर महिला मंडल अवधपुरी के तत्वावधान में मारुति स्टेट स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर कलाकुंज में 'महावीरा झूले पलना' का आयोजन किया गया। शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ। इससे श्रीजी की मंगल आरती हुई। भक्तजनों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किये। सभी ने भक्ति के रंग में झूमते हुए बारी-बारी से पालना झुलाया और एक जन्मे राजकुमारो, दुनियां को पालन हारो, मेरे महावीर झूले पलना सन्मति वीर झूले पालना, चली वीर नाम की गाड़ी, गाड़ी में आजा तू चढ़ ले, इंद्र लाओ रे जल भर-भर के, केसरिया-केसरिया भजनों पर मंत्र मुग्ध होकर नृत्य प्रस्तुत किए गए। इस दौरान वात्सल्य सेवा समिति द्वारा ठंडाई की व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर रविंद्र कुमार जैन, राजीव जैन, अजय जैन, आशु जैन भगत, शुभम जैन, रश्मि जैन, रागिनी जैन, उपासना जैन, कविता जैन, मंजरी जैन, स्वीटी जैन, अलका जैन, रतिभा जैन, रीता जैन, पुष्पा जैन, रिंकी जैन, मानवी जैन, बबिता जैन, रंजना जैन, ट्विंकल जैन, निशा जैन, रेनू जैन आदि मौजूद रहीं।

# मनोहर लाल दौलत राम 'गजक वालों ने किया भंडारा

एनएनआई





**आगरा।** मनोहर लाल दौलत राम गर्ग गजक वालों द्वारा जौहरी बाजार में विशाल भंडारा किया गया। सुबह मां केला महारानी का विधि विधान से पूजन किया गया। कन्या लांगुरों के रूप में बच्चों का पूजन कर भोजन कराया गया। उन्हें उपहार प्रदान किए गए। दिनभर मां दुर्गा के भजन गूंजते रहे। शाम को मां केला महारानी की आरती कर भंडारा किया गया। भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा देर रात्रि तक चलता रहा। मनोहर लाल दौलत राम गर्ग गजक वाले के प्रो. दिनेश गर्ग और अभिषेक गर्ग ने बताया कि यह विशाल भंडारा अब हर वर्ष किया जाएगा। इस मौके प्रो. दिनेश गर्ग, लक्ष्मीनारायन गर्ग, मोनू गर्ग, अभिषेक गर्ग, केशव गर्ग, यश गर्ग, रितिक गर्ग सहित परिवार के अन्य लोग मौजूद रहे।

# नव संवत्सर मिलन और सम्मान समारोह 22 को

- जुटेंगे संस्कार भारती ब्रज प्रांत के पदाधिकारी और कार्यकर्ता
- स्कूलों के बच्चे देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, बहेगी काव्य-धारा

एनएनआई

**आगरा।** संस्कार भारती तेजोमहल (ब्रज प्रांत) का नव संवत्सर स्नेहिल मिलन और कार्यकर्ता सम्मान समारोह 22 अप्रैल को अपरान्ह 3:30 बजे से ताजगंज स्थित ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में होगा। संस्कार भारती के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य राज बहादुर सिंह राज और प्रांतीय संरक्षक हरिमोहन सिंह कोठिया के अनुसार समारोह में विभिन्न स्कूलों के बच्चे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। वरिष्ठ कवि काव्य धारा बहाएंगे। वरिष्ठ जनों और संस्कार भारती के कार्यकताओं का सम्मान भी किया जाएगा। संयोजक ताहिर सिद्दीकी और व्यवस्था प्रमुख संजय अग्रवाल के अनुसार समारोह में बांकेलाल गौड़, सुभाष अग्रवाल, राम अवतार यादव और राजीव द्विवेदी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। ताज पूर्वी क्षेत्र की संरक्षक श्रीमती ऋतु अग्रवाल स्वागताध्यक्ष की भूमिका निभाएंगी।






# स्वर्णकार महासभा पर लगे आरोपों को बताया निराधार

- हार की बौखलाहट है स्वर्णकार महासभा की छवि धूमिल करने की कोशिश
- महासभा पर धांधली का आरोप लगाने वाले पर दंडात्मक करवाई करते हुए सदस्यता रद्द करने का किया विचार



एनएनआई

**आगरा।** अखिल भारतीय माहौर क्षत्रिय स्वर्णकार महासभा की अतिथिवन वाटरवर्क्स पर हुई बैठक में स्वर्णकार महासभा के पदाधिकारियों के खिलाफ हुई रिपोर्ट को निराधार बताया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवशंकर वर्मा ने बताया कि महासभा की स्थापना 1924 में हुई थी। अब तक कोई भी आरोप नहीं लगा। चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शी होती है। महासभा के प्रत्याशी दयालबाग निवासी दिनेश कुमार वर्मा सारथी ने महासभा चुनावों में हुई धांधली और पैसे के गबन का झूठा आरोप लगाते हुए थाना छत्ता में मुकदमा दर्ज कराया है। जगदीशचंद्र वर्मा ने बताया कि दिनेश वर्मा ने चुनाव में हुई हार से बौखला गए हैं। बैठक में महासभा की छवि पर बट्टा लगाने पर दिनेश वर्मा सारथी की सदस्यता निरस्त करने पर भी विचार किया है। बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में कुल 282 वोट 12 राज्यों के प्रतिनिधि द्वारा डाले जाने थे। इसमें से 205 वोट डाले गए। 174 वोट सोंख मथुरा निवासी शिव शंकर वर्मा को और 27 वोट आगरा निवासी राजेश वर्मा मिले। जबकि दिनेश वर्मा सारथी को मात्र 3 वोट मिले। इस हार से कुंठित होकर दिनेश वर्मा ने शिकायत की। दिनेश और उनके पुत्र प्रवीण व मोहित वर्मा पर चिट फंड कार्यालय पर महासभा के पदाधिकारी जगदीश वर्मा के साथ मारपीट और अपहरण करने का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। चिट फंड से एक पक्षीय निर्णय महासभा की प्रबंध समिति के विरुद्ध करा लिया गया जिसकी अपील उच्च न्यायालय इलाहाबाद में विचाराधीन है। आज तक दिनेश वर्मा द्वारा जवाब दाखिल नहीं किया गया। दिनेश वर्मा और उसके पुत्रों द्वारा पूर्व में दो बार की गई शिकायत जांच में झूठी पाई गई। अब प्रवीण वर्मा पुत्र दिनेश वर्मा द्वारा की गई शिकायत की जांच सीओ लोहामंडी द्वारा की जा रही है। जगदीश वर्मा द्वारा लिखित बयान दिए गए हैं। बैठक में भूपेन्द्र कुमार वर्मा, यूसी वर्मा, विनोद वर्मा, किशन स्वरूप वर्मा, जय वर्मा, आलोक वर्मा, विकास वर्मा, राजकुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# राजेश अध्यक्ष, दिलीप चुने महामंत्री

- परशुराम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा के लिए हुआ समिति का गठन, जुगल किशोर शर्मा संयोजक





एनएनआई

**आगरा।** महर्षि परशुराम इण्टर कॉलेज यमुना किनारा बेलनगंज में राहुल चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में परशुराम जयंती की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में भगवान परशुराम शोभायात्रा और पांच कुण्डीय हवन की तैयारी के लिये आठवीं बार सर्वसम्मति से राजेश शर्मा को अध्यक्ष, दिलीप भारद्वाज को छठवीं बार महामंत्री, योगेश भारद्वाज को कोषाध्यक्ष, मुकुल जमदग्नि, मनीष भारद्वाज को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। हवन यज्ञ का प्रभारी वेदाचार्य राहुल कृष्ण रावत, मैन डोला प्रभारी राममोहन पाराशर, शोभायात्रा प्रभारी कमल शर्मा के साथ समिति में 15 सरंक्षक, 21 वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 21 उपाध्यक्ष, 31 मंत्री, 21 उपमंत्री, 21 संगठन मंत्री, 11 प्रचार मंत्री बनाये गये। संयोजक जुगल किशोर शर्मा ने बताया कि दस मई को महर्षि परशुराम जन्मोत्सव मनाया जायेगा। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता संजय शर्मा कप्तान, मनोज पांडे, अनिल सारस्वत, आनन्द शर्मा, प्रदीप शर्मा गुड्डू, प्रभाकर शर्मा, आनन्द तिवारी, संजय शर्मा, राघव उपाध्याय, राधे श्रोत्रिया, बृजेश शर्मा, कमल शर्मा (फुलट्टी), निर्वेश शर्मा, धीरज शर्मा, राहुल चान्दोलिया, अपूर्व शर्मा, शिवम शर्मा, शिवा शर्मा, गोविन्दा भारद्वाज, शिवम भारद्वाज, गौरव शर्मा, लखन उपाध्याय, ममता शर्मा आदि मौजूद रहे।



# कल जन्मेंगे भगवान महावीर

- शांतिनाथ जैन मंदिर में उपहार और मेवाओं से हुई त्रिशला माता की गोद भराई

एनएनआई

**आगरा।** शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जयपुर हाउस में तीन दिवसीय तीर्थकर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव और रथोत्सव के तहत माता त्रिशला की गोद भराई और मेहंदी उत्सव हुआ। महिलाओं ने आकर्षक उपहारों, फल और मेवाओं से गोद भराई की। भक्तिमय संगीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। माता ने देखे 16 सपने, जाने का फल क्या होगा..., महावीरा झूले पलना... जैसे भक्तिमय गीतों पर नृत्य किया। सभी सदस्याओं में हाथों में मेहंदी रचाई। इस दौरान मधु बघेल, पार्षद रेनू गुप्ता, पूर्व पार्षद क्षमा जैन ने भी अपने हाथों में मेहंदी रचाई। सुबह देवेंद्र जैन, धर्मेंद्र जैन, महावीर प्रसाद जैन परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद 1008 श्री तीर्थंकर महावीर स्वामी महामंडल विधान का आयोजन किया गया। इस मौके पर राकेश जैन, दीपक जैन, अजय कुमार जैन, सुबोध पाटनी, नीरज जैन, मनोज जैन, राजीव जैन, बॉबी, सरिता काला, सीमा बेनारा, शिल्पी सेठिया, नीरू बेनारा, रंजना, रीता, पूजा, एकता, स्वेता, शिल्पी, सिमरन, सचि, आशा, रीना, अंजना, वंदना, भावना, अंजू , रेखा, रुचि जैन, राखी रावका, नीतू, शिल्पी, महक, अन्नू, रीतू, निधि, रेनु, कृष्णा, आकांशा, सुमान, सीमा, सोनल, रूचि, प्रिया, शिल्पी, डॉली आदि मौजूद रहीं।

## कल जयपुर हाउस से निकलेगी रथयात्रा

अध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि बताया कि रथ यात्रा रविवार को सुबह आठ बजे 1008 श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, टीचर्स कॉलोनी, जयपुर हाउस से शुरू होगी। इसका शुभारंभ सांसद नवीन जैन द्वारा किया जाएगा। शहर में भ्रमण करते हुए रथयात्रा एमडी जैन इंटर कॉलेज पहुंचेगी।



## दिल्ली में पारा 40 डिग्री के करीब पहुंचा, 10 राज्यों में पड़ रही झुलसा देने वाली गर्मी

**नई दिल्ली।** देश में झुलसा देने वाली गर्मी पड़ रही है। दिल्ली में जहां पारा 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है तो यूपी-बिहार और दक्षिण भारत में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। विदर्भ, मराठवाड़ा, रायलसीमा के कई हिस्सों, मध्य महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, ओडिशा, उत्तरी मध्य प्रदेश और गंगीय पश्चिम बंगाल में अधिकतम तापमान 42-44 डिग्री सेल्सियस के बीच है। मौसम विभाग के अनुसार, बिहार, झारखंड, पूर्वी यूपी, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना, रायलसीमा, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, उत्तराखंड, विदर्भ के अलग-अलग हिस्सों में गंगा के तटवर्ती पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में तापमान सामान्य से 2-4 डिग्री सेल्सियस ऊपर है। मौसम विभाग की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार, पिछले 24 घंटे में आंध्र प्रदेश के नान्दयाल में 44.3, तिरुपति में 43.2, ओडिशा के बारीपड़ा में 44.2, बौध में 44.3, पश्चिम बंगाल के आसनसोल में 44, झारखंड के जमशेदपुर में 43.2, उत्तर प्रदेश में 43.6 और विदर्भ के अकोला में 44 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। यहां पर आज भी ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है।

## बरातियों से भरी बस को डंपर ने मारी टक्कर, दूल्हे के मामा की मौत

**झांसी।** शुक्रवार दोपहर मोंठ हाईवे पर बरातियों से भरी बस को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में बस सवार दूल्हे के मामा की मौत हो गई, जबकि 36 बराती घायल हो गए। इनमें दुल्हा-दुल्हन समेत 14 बरातियों की हालत नाजुक है। इन सभी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। कानपुर नगर के कमला टावर निवासी रमाकांत राजपूत के पुत्र सूरज राजपूत की बरात झांसी निवासी सुरेश राजपूत के यहां आई थी। शुक्रवार को बरात कानपुर लौट रही थी। बस में वर सूरज एवं नववधू संध्या भी सवार थे। दोपहर को ही मोंठ हाईवे पर पेट्रोल पंप के पास झांसी की ओर से आ रहे बेकाबू डंपर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में जा पहुंची। हालांकि गनीमत यह रही कि उस लेन से कोई वाहन उस समय नहीं गुजर रहा था। हादसे से बस के अंदर चीख-पुकार मच गई। बस के अंदर ही बराती फंस गए। हादसे की सूचना मिलने पर सीओ हरिमोहन सिंह, तहसीलदार प्रभात कुमार सिंह, कोतवाल अशोक सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच गए। पुलिस ने घायलों को किसी तरह क्षतिग्रस्त बस के अंदर से निकाला और उनको अस्पताल पहुंचवाया। बस की पिछली सीट में बैठे लोगों को सबसे अधिक चोट आ गई। पिछले सीट पर दूल्हे के मामा रमेश राजपूत (45) भी बैठे थे। वह भी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, गंभीर रूप से सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया जबकि अन्य का मोंठ में इलाज चल रहा है।

## मध्य सीरिया: विस्फोट में 22 सरकार समर्थक लड़ाकों की मौत

**बेरूत।** मध्य सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के संदिग्ध आतंकियों ने भीषण हमले में सरकार समर्थित करीब दो दर्जन लड़ाकों को मौत की नींद सुला दिया है। आईएस सदस्यों के हमले में 22 सरकार समर्थक लड़ाकों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। युद्ध पर नजर रखने वाले एक संगठन और सरकार समर्थक मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बताया जा रहा है कि बंदूकधारियों ने बृहस्पतिवार देर रात सुखना शहर के पास सरकार समर्थित कुद्स ब्रिगेड के सदस्यों को ले जा रही एक बस पर हमला किया। इससे अचानक हड़कंप मच गया। जिस सुखना शहर के पास आतंकियों ने हमला किया वह कभी आईएस का गढ़ था। कुद्स ब्रिगेड में अधिकतर फलस्तीनी लड़ाके शामिल हैं, जिन्हें सरकार और रूस का समर्थन प्राप्त है। इन हमलों की जिम्मेदारी तत्काल किसी ने नहीं ली है, लेकिन युद्ध पर नजर रखने वाले ब्रिटेन स्थित संगठन ह्यसीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्सह्ल और सरकार समर्थक रेडियो स्टेशन ह्शाम एफएमह्ल दोनों ने कहा कि हमले के पीछे आईएस का हाथ था।

### कंगाली और अब मौसम की मार

# पाकिस्तान में भारी बारिश से 87 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने कहा कि पिछले सप्ताह पाकिस्तान में बारिश के कारण हुई अलग-अलग घटनाओं में कम से कम 87 लोग मारे गए हैं और 82 अन्य घायल हो गए हैं, जबकि देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का कहर अब भी जारी है। समाचार एंजेसी की रिपोर्ट के अनुसार, एनडीएमए ने शुक्रवार को कहा कि बारिश ने देश भर में 2,715 घरों को आंशिक या पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिसमें कहा गया है कि ज्यादातर लोगों की मौत संरचनात्मक ढहने, बिजली गिरने और बाढ़ से संबंधित घटनाओं में हुई है। पाकिस्तानी प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने हाल की भारी बारिश के कारण कीमती जान-माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया और संबंधित विभागों को प्रभावित क्षेत्रों में राहत गतिविधियों में तेजी लाने और बारिश के कारण बंद हुई सड़कों को



खोलने के काम में तेजी लाने की सलाह दी। इससे पहले शुक्रवार को अपनी मौसम भविष्यवाणी रिपोर्ट में, एनडीएमए ने भविष्यवाणी की थी कि जारी बारिश 22 अप्रैल तक जारी रहेगी, और कहा कि अपेक्षित बारिश से देश के कई इलाकों में अचानक बाढ़ आ सकती है। भारी बारिश से सबसे अधिक नुकसान और हताहतों की सूचना देश के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुई, जहां मूसलाधार बारिश के कारण 36 लोगों की जान चली गई और 53 अन्य घायल हो गए, इसके बाद पूर्वी पंजाब प्रांत में 25 लोगों की मौत और आठ के घायल होने की सूचना है। एनडीएमए ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में कुल 15 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए, जबकि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारी बारिश के कारण 11 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए।

## फ्रांस के ईरानी दूतावास में ग्रेनेड और विस्फोटक के साथ घुसा संदिग्ध

**पेरिस।** इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के बीच फ्रांस की राजधानी पेरिस में ईरानी वाणिज्य दूतावास में एक संदिग्ध व्यक्ति के ग्रेनेड और विस्फोटक जैकेट लेकर प्रवेश करने संबंधी सूचना के बाद हड़कंप मच गया। पेरिस पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हालांकि तत्काल कोई हथियार मिलने की पुष्टि नहीं की। पेरिस पुलिस के एक अधिकारी ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि अधिकारी उस व्यक्ति की पहचान की पुष्टि कर रहे हैं और पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उसके पास हथियार हैं या नहीं। अधिकारी ने कहा कि उस व्यक्ति को शुक्रवार सुबह देखा गया और पुलिस को इसकी सूचना मिलते ही एक विशेष अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि उस व्यक्ति के मंसूबों के बारे में तत्काल पता नहीं चल सका है। उन्होंने कहा कि किसी विस्फोटक की सूचना नहीं मिली है। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है। पकड़ा गया संदिग्ध कौन हो सकता है, इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है। मौके से कोई विस्फोटक बरामद नहीं हुआ है।

## यूक्रेन ने मार गिराया रूस का बमवर्षक विमान

**कीव (यूक्रेन)।** यूक्रेन पर रूस के घातक हमले में 9 लोगों की मौत हो जाने के बाद यूक्रेनी सुरक्षा बलों ने मॉस्को को बड़ा झटका दिया है। यूक्रेनी वायुसेना ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने एक रूसी बमवर्षक विमान को मार गिराया है। यह रूस के सबसे घातक युद्धक विमानों में गिना जाता है, जोकि परमाणु हथियार भी ले जाने में सक्षम है। वहीं यूक्रेन के इस दावे के उलट रूस के अधिकारियों ने दावा किया कि विमान एक लड़ाकू मिशन के बाद खराबी के कारण कम आबादी वाले इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। किसी भी दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है। बता दें कि दो साल से अधिक समय के युद्ध के दौरान रूसी युद्धक विमानों को मार गिराने संबंधी यूक्रेन के पिछले दावों का रूस ने खंडन किया है। इस बीच, स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि रूसी मिसाइल से यूक्रेन के मध्य निप्रो क्षेत्र के शहरों पर हमला किया गया, जिसमें आठ और 6 वर्षीय दो बच्चों सहित 9 लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गये। यूक्रेन ने कहा कि वायुसेना और सैन्य खुफिया विभाग ने विमान भेदी मिसाइल के जरिये टीयू-22एम3 बमवर्षक को मार गिराने में सहयोग किया। रूस आमतौर पर अपने हवाई क्षेत्र के अंदर से यूक्रेनी लक्ष्यों पर केएच-22 क्रूज मिसाइल दागने के लिए बमवर्षक का इस्तेमाल करता है। यह विमान परमाणु हथियार भी ले जा सकता है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि युद्धक विमान यूक्रेनी सीमा से सैकड़ों किलोमीटर (मील) दूर स्टावरोपोल



के दक्षिणी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मंत्रालय के अनुसार, चालक दल के तीन सदस्यों को विमान से बाहर निकलने के बाद बचा लिया गया और चौथे की तलाश की जा रही है। स्टावरोपोल के गवर्नर व्लादिमीर व्लादिमीरोव ने हालांकि कहा कि बचाए गए पायलटों में से एक की मौत हो गई।

# नाव पलटने से सात लोगों की मौत

**भुवनेश्वर।** झारसुगड़ा में एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहां पर महानदी में एक नाम पलटने से 7 लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि ये हादसा पत?थर सेनी मंदिर के पास हुआ। इस नाव में 50 से 60 लोगों के सवार होने की भी जानकारी सामने आ रही हैं। ऐसे में नदी में नाव पलटने की वजह से कई लोग अभी तक लापता भी बताए जा रहे हैं। वहीं मृतकों और लापता व्यक्तियों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंच गई। फिलहाल प्रशाससिक अमले के साथ ही स्थानीय लोग भी लापता लोगों की तलाश में जुटे हुए हैं। वहीं पुलिस टीम के साथ-साथ बचाव दल भी मौके पर पहुंच गया है। अभी भी राहत और बचाव का कार्य किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि ये सभी लोग थरसेनी कुडा से बारगढ़ जिले के बंजीपल्ली जा रहे थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह



हादसा तब हुआ जब नाव झारसुगुडा जिले के रेनगली पुलिस थाना के अंतर्गत शारदा घाट पहुंचने वाली थी। उन्होंने बताया कि स्थानीय मछुआरों ने 35 लोगों को बचा लिया है और उन्हें किनारे पर ले आए। अधिकारी ने बताया कि बाद में पुलिस और अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने सात और लोगों को बचाया। उन्होंने बताया कि सात और लोग अब भी लापता हैं और उनकी तलाश के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मृतकों के परिजनों के लिए चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है और पांच गोताखोरों को मौके पर भेजा गया है।

## सपा ने लगाया मतदान के दौरान गड़बड़ियों का आरोप

**लखनऊ।** सपा ने पहले चरण के मतदान के दौरान बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से शिकायत की है। मुस्लिम मतदाताओं को वोट डालने से रोकने और सपा समर्थक मतदाताओं पर भाजपा के पक्ष में दबाव बनाने का आरोप लगाया। सपा के पूर्व एमएलसी और कार्यालय प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र भेजकर आरोप लगाया कि कैराना में मतदान कर्मी वर्ग विशेष के लोगों के साथ आपत्तिजनक व्यवहार कर रहे हैं।

मतदान भी काफी धीमी गति से करवाने की बात भी कही। मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना में ईवीएम मशीन खराब होने की शिकायत भी आयोग से की गई।

## संपादकीय

# इलॉन मस्क सम्भालेंगे कमान!

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कोई खास लगाव नहीं रहा है। हाल में भी सबने देखा कि कैसे अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद अमेरिका ने इस मामले में दखल दिया और कहा कि केजरीवाल के मामले में स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस के खाते जब्त किए जाने के मामले में भी अमेरिका ने कहा कि उसकी नजर इस मामले पर है और भारत में सभी पार्टियों को समान अवसर मिलना चाहिए।लेकिन लोकसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही पता नहीं कैसे अमेरिका का भाव बदल गया है। अचानक मोदी और भारत के बारे में अच्छी अच्छी बातें कही जाने लगी हैं। इसी बीच भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गासेटी का एक बयान आया। उन्होंने मोदी की ऐसी तारीफ की है, जिसकी मिसाल नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर कोई दुनिया के भविष्य को आकार लेते देखना चाहता है तो उसको भारत आना चाहिए। यहां कई मायनों में विश्व का भविष्य गढ़ा जा रहा है।इसी तरह से जो बाइडेन की डेमोक्रेटिक पार्टी के वरिष्ठ सांसद ब्रैड शरमन ने मोदी की तारीफ करते हुए कहा है कि वे अपने कामकाज की वजह से पूरी दुनिया में भारत का चेहरा बन गए हैं। शरमन ने 2014 के बाद से भारत में हुए विकास की जम कर तारीफ की है। इस बीच एक और घटनाक्रम यह हुआ कि दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में से एक मानी जाने वाली पत्रिका द्यद न्यूज वीकह्न के कवर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो छपी।58 साल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री के बारे में इस पत्रिका ने कवर स्टोरी की है और कवर पर फोटो छापी है। इससे पहले 1966 में जब इंदिरा गांधी भारत की प्रधानमंत्री बनी थीं तब उनकी फोटो द्यद न्यूज वीकह्न के कवर पर छपी थी। प्रधानमंत्री मोदी की फोटो के साथ जो कवर स्टोरी है उसका शीर्षक है, द्यमोदी एंड अनस्टॉपेबल राइज ऑफ इंडियाह्न। सवाल है कि लोकसभा चुनाव के दौरान इस तरह का घटनाक्रम अचानक क्यों होने लगा है? क्या राष्ट्रपति बाइडेन को भी लग रहा है कि अमेरिका में होने वाले चुनावे के साल में भारतीय और हिंदू मतदाताओं को लुभाने के लिए भारत के बारे में सकारात्मक बातें करना और मोदी की तारीफ करना जरूरी है इतना ही नहीं चुनाव के अधबीच दुनिया के सबसे अमीर कारोबारियों में से एक इलॉन मस्क भारत आ रहे हैं और नरेंद्र मोदी से मिलेंगे। कहा जा रहा है कि वे रिलायंस समूह के साथ मिल कर इलेक्ट्रिक गाड़ी बनाने का कारखाना भारत में लगाने की घोषणा कर सकते हैं। सोचें, दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी और सबसे चर्चित शख्सियत में से एक हैं मस्क, चुनाव के बीच वे आकर मोदी से मिलते हैं और बड़े निवेश की घोषणा करते हैं तो यह अपने आप में देश के एक बड़े तबके को उत्साहित करेगा और मोदी के विकास के नैरेटिव को इससे बल मिलेगा। चूंकि अमेरिका की राजनीति में मस्क रिपब्लिकन पार्टी और डोनाल्ड ट्रंप के करीबी माने जाते हैं तो ऐसा लगा कि हो सकता है कि दक्षिणपंथी लॉबी मोदी की मदद करना चाहती हो। मस्क सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे। उससे पहले भारत सरकार ने उनके लिए बहुत कुछ कर दिया है। पहले सरकार ने कुछ खास शर्तों के साथ इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली बाहरी कंपनियों को आयात शुल्क पर 85 फीसदी तक की छूट दी तो 16 अप्रैल को सरकार ने स्पेस सेक्टर में सौ फीसदी विदेशी निवेश की भी मंजूरी दे दी। गौरतलब है कि मस्क की कंपनी स्पेसएक्स सेटेलाइट के जरिए इंटरनेट सेवा देती है। अपनी भारत यात्रा में मस्क दो से तीन अरब डॉलर से 25 हजार करोड़ रुपए तक के निवेश की घोषणा कर सकते हैं।वे अपनी इलेक्ट्रिक कार बनाने के लिए कारखाना लगाने का ऐलान कर सकते हैं। इसके लिए वे गुजरात, तमिलनाडु और महाराष्ट्र में जमीन देख रहे हैं। उनकी मुलाकात रिलायंस समूह के मुकेश अंबानी से होने वाली है और कहा जा रहा है कि वे रिलायंस के साथ मिल कर कारखाना लगाने का ऐलान कर सकते हैं। जानकार सूत्रों का कहना है कि इस बार महाराष्ट्र को कारखाना मिलने की संभावना है क्योंकि गुजरात चुनाव से पहले कई बड़े प्रोजेक्ट महाराष्ट्र से खींच कर गुजरात ले जाए गए हैं। ऊपर से इस बार महाराष्ट्र का चुनाव भाजपा व उसके दोनों सहयोगियों को भारी पड़ता दिख रहा है। टेस्ला का प्लांट महाराष्ट्र को देकर मराठी मानुष की आहत भावनाओं पर मल्हम लगाई जा सकती है। अभी क्रिकेट का आईपीएल तमाशा चल रहा है, जिसमें रिलायंस समूह की टीम मुंबई इंडियंस का कप्तान गुजरात से लाकर हार्दिक पंड्या को बनाया गया है। मुंबई में होने वाले हर मैच में पंड्या की जिस तरह से हूटिंग हो रही है और रोहित शर्मा को कप्तान से हटाने का जैसा विरोध है उससे भी मराठी मानुष की भावनाएं जाहिर हो रही हैं।

# लिविंग रूम के लिए कालीन खरीदते समय इन बातों का रखें खास ख्याल



**घर** की साफ-सफाई से लेकर सजावट और सेलिब्रेशन हर एक छोटी-छोटी चीज पर ध्यान दिया जाता है। त्योहार आदि के मौके पर सेलिब्रेशन पर काफी ज्यादा ध्यान दिया जाता है। कई लोग घर सजाने के लिए फूलों से सजावट करते हैं और अलग-अलग फूलों की माला बनाकर गेट पर लगाते हैं। तो वहीं कई लोग लाइट्स का इस्तेमाल घर को सजाने के लिए करते हैं। जिससे कि घर खूबसूरत दिख सके। वहीं आप चाहें तो आप रंगोली से अपने घर को सजा सकते हैं। लेकिन अगर आपके पास इन सारे कामों के लिए वक्त नहीं है, तो आप कुशन कवर, बेडशीट्स और कालीन से भी अपने घर को खास लुक दे सकते हैं। यदि आपका घर बड़ा है, तो लिविंग रूम को खूबसूरत बनाने के लिए कालीन का इस्तेमाल किया जा सकता है। आजकल मार्केट में आपको कई खूबसूरत डिजाइन्स में कालीन मिल जाएगी। ऐसे में आप भी कालीन खरीदने वाले हैं, तो इस दौरान कुछ बातों का खास ध्यान रखना चाहिए।

### फैब्रिक का रखें ध्यान

मार्केट में आपको कई तरह की कालीन मिल जाएंगी। लेकिन सही कालीन चुनना थोड़ा मुश्किल काम हो सकता है। इसलिए कालीन खरीदने के दौरान इसकी क्वालिटी का खास ध्यान रखें। क्योंकि अगर कालीन का कपड़ा हल्का होगा, तो इसके जल्द खराब होने के चांसेज होते हैं। वहीं अगर आप कॉटन की कालीन खरीदने की सोच रहे हैं, तो ध्यान दें यह दूसरी कालीन से थोड़ा पतला होना चाहिए। बताया जाता है कि कालीन दरी की तरह बुनी जाती है। फिर इसके ऊपर से कॉटन का कवर लगाया जाता है। लेकिन बेहतर होगा कि आप ऊन की कालीन को खरीदें। यह इस्तेमाल में ज्यादा अच्छी साबित होती हैं।



### इंटीरियर के हिसाब से खरीदें कालीन

बाजार में आपको कई डिजाइन के कालीन मिल जाएंगे। लेकिन घर के इंटीरियर के हिसाब से कालीन का सेलेक्शन करना बेहद जरूरी है। क्योंकि ऐसा नहीं करने पर आपके पैसे वेस्ट हो सकते हैं। इसलिए लिविंग रूम के कलर या लुक के अकॉर्डिंग ही कालीन लेना चाहिए। लिविंग रूम में मौजूद फर्नीचर, कुशन, सोफा आदि के साथ कालीन का रंग और डिजाइन मैच करना चाहिए। या फिर आप कंट्रास्ट कलर से भी कालीन सेलेक्ट कर सकते हैं। लिविंग रूम को मनचाहा और बेहतरीन लुक देने के लिए आप अलग-अलग कॉम्बिनेशन के साथ एक्सपेरिमेंट करके देख सकते हैं।

### कालीन की डिजाइन

कालीन की डिजाइन का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि कालीन साल में एक बार खरीदी जाती है। ऐसे में आप लिविंग रूम के लिए अफगानी या लखनवी डिजाइन की कालीन ले सकते हैं। वहीं अगर आपको बारीक काम वाली डिजाइन लेना चाहते हैं, तो यह भी खरीद सकते हैं। बता दें कि हैंडमेट कालीन की डिजाइन बेहद बेस्ट होती हैं, हांलाकि यह बेहद महंगी होती है, यह सबसे बजट में आसानी से फिट नहीं होती है। अगर आपके लिविंग रूम में हल्का रंग है, तो इसमें डार्क रंग की कालीन अच्छी लगेगी। वहीं अगर आपके रूम की फर्श प्लेन नहीं है, तो आप फंदे वाले या रोएंदार कारपेट का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके अलावा कालीन खरीदने के दौरान लिविंग रुम के एरिया का ध्यान रखना काफी जरूरी होता है। क्योंकि अगर आप काफी बड़ी या छोटी कालीन लेती हैं, तो यह फर्श पर अच्छी नहीं लगेगी। इसलिए कालीन की डिजाइन के साथ ही इसके साइज का भी ध्यान रखना चाहिए।

# बचे हुए टूथपेस्ट का करें किचन में इस्तेमाल, चमक जाएंगे बर्तन

**टूथपेस्ट** तो हम सभी के घरों में मौजूद रहता है। इसका इस्तेमाल हम अपने दांतों को साफ करने में करते हैं। लेकिन आज हम आपको टूथपेस्ट से जुडे.कुछ किचन हैक्स बताएंगे जो रोजमर्रा के काम को बहुत ही आसान कर सकता है। टूथपेस्ट सफाई के मामले में एक्सपर्ट है इसमें क्लीनिंग एजेंट पाया जाता है, जो दांतो की गंदगी की दूर करता है। जब इससे दांतो की सफाई अच्छे से होती है तो किचन की गंदगी की क्यों नहीं। चलिए हम आपको इस लेख में टूथपेस्ट की मदद से किचन क्लीनिंग के हैक्स बताने जा रहे है। थपेस्ट का इस्तेमाल हम सभी अपने दांतों को चमकाने के लिए करते हैं। सभी के घरों में टूथपेस्ट बच जाता है या एक्सपायर्ड हुआ तो उसे किचन में इस तरह से करें इस्तेमाल करें। रसोई में पड़े गंदे बर्तन से लेकर चिकनाई का दूर करने में काफी मददगार है टूथपेस्ट। यह हमारे घर और किचन की सफाई में काम आ सकता है।



**मिक्सी की सफाई करें**

टूथपेस्ट के उपयोग से आप मिक्सी की गंदगी और खोई हुई चमक को वापस पा सकते हैं। मिक्सर में अक्सर तेल, मसाले या पिसा हुआ घोल गिर जाता है। जिसे साधरण बर्तन का साबुन साफ नहीं कर सकता है। ऐसे में आप स्क्रबर में टूथपेस्ट लगाएं और मिक्सी में लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। इसके बाद में गीले कपड़े से साफ कर मिक्सी एकदम से नई जैसी चमक उठेगी।

**पुराने स्टील के बर्तन चमकाएं**

पुराने स्टील की चम्मच और चाकू को भा आप टूथपेस्ट की मदद से साफ कर सकते हैं। इसके लिए आप एक बर्तन में 2-3 चम्मच पेस्ट डालें और चाकू, छुरी एवं चम्मच को पानी में डालकर उबाल लें। कुछ समय बाद आप इन्हें निकालकर डिशवॉश से साफ कर लें।

**सिंक की गंदगी को साफ करें**

सिंक में हमेशा गंदगी जमा होती है, साथ ही स्टील के सिंक की चमक भी खोने लगती है। ऐसे में स्क्रबर में टूथपेस्ट लेकर सिंक को रगड़कर साफ कर लें। सिंक में जमी सारी गंदगी साफ हो जाती है।

**चाय और कॉफी के कप साफ करें**

चाय या कॉफी पीने के बाद कई बार कप में दाग लगे रह जाते है, जिसे साफ करना काफी मुश्किल हो जाता है। इसे साफ करने के लिए आप टूथपेस्ट को ब्रश या स्क्रबर में पेस्ट लगाकर दाग वाली जगह को रगड़ लें और गीले कपड़े से पोंछकर साफ कर लें।

**कांच के बर्तन साफ करें**

कांच के गिलास और कटोरी-प्लेट को टूथपेस्ट से साफ कर सकते है। इसके लिए आप एक कटोरी में पेस्ट और पानी को घोल बनाएं और स्क्रबर से रगड़कर बर्तनों को चमका लें।



## पालतू कुत्ते के साथ महिला की बेरहमी पर भड़कीं आलिया भट्ट

**सोशल** मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक महिला नौकरानी पालतू कुत्ते को बेरहमी से पीटती हुई नजर आ रही है। इस वीडियो को सबसे पहले गायिका सोफी चौधरी से अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया था। इस वीडियो के साथ गायिका ने लिखा था, आश्चर्य है कि ये महिला अभी भी काम कर रही है । अब सोफी की इस पोस्ट को आलिया भट्ट ने भी शेयर किया है और इस व्यवहार को क्रूर बताया है। सिंगर सोफी ने इस पालतू कुत्ते के बारे में फैंस को अपडेट देते हुए बताया कि जिस खूबसूरत बीगल बीरा की नौकरानी ने बेरहमी से पिटाई की थी, उस के बारे में अपडेट है कि मैंने इस कुत्ते के मालिक पार्थ और श्वेता से बात की है। दोनों को काफी आघात पहुंचा, उन्होंने यह वीडियो नहीं देखी थी। आलिया ने इसे शेयर करते हुए लिखा, 'अगली बार अगर किसी पालतू जानवर के साथ ऐसा करते हुए देखें तो एक वीडियो बनाकर सीधे अधिकारियों के पास ले जाएं ताकि उचित कार्रवाई हो सके।' इससे पहले फरवरी 2024 में भी थाने के एक पशु चिकित्सालय से पालतू कुत्ते के साथ बर्बरता की वीडियो वायरल हुई थी । जिसे देखकर आलिया काफी निराश हुई थीं। उस वीडियो में चिकित्सालय के दो कर्मचारियों ने टोफू नाम के पालतू कुत्ते को काफी टॉर्चर किया था, जिसके बाद वीडियो को अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए आलिया ने इसे काफी निराशाजनक बताया था।

## 'चमकीला' में परिणीति के अभिनय की हो रही हर तरफ तारीफ



**निर्देशक** इम्तियाज अली की फिल्म 'चमकीला' की रिलीज के बाद पूरा सोशल मीडिया फिल्म की तारीफों से भर गया है। जहां देखो सिर्फ और सिर्फ 'चमकीला' की ही तारीफ हो रही है। इसके साथ ही फिल्म के दोनों कलाकार दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा के अभिनय की भी जमकर तारीफ हो रही है। फिल्म में परिणीति चोपड़ा ने अमरजोता कौर का किरदार निभाया है, जबकि दिलजीत दोसांझ ने फिल्म में सिंगर 'अमर सिंह चमकीला' का किरदार निभाया है। यह फिल्म 12 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। परिणीति के फैंस का मानन है कि वह फिल्म 'चमकीला' के जरिए फिल्मों में वापस आ चुकी हैं और अब वह लगातार फिल्में करती रहेंगी। फिल्म 'चमकीला' से चमक गई हैं परिणीति चोपड़ा की भी किस्मत। फिल्म 'चमकीला' की चारों ओर तारीफ हो रही है। पूरा सोशल मीडिया में फिल्म के अलावा परिणीति और दिलजीत के अभिनय की भी जमकर तारीफ हो रही है। इसी दौरान एक इंटरव्यू में जब परिणीति से पूछा गया कि 'वह क्या करेंगी अगर वह दूसरी दुनिया में निभाए गए किरदार अमरजोत कौर से मिलती हैं तो?' परिणीति ने कहा, ''मैं सोच भी नहीं सकती। वे दोनों मेरे लिए भगवान की तरह हैं। इस बारे में ही सोचकर मेरे रौंगटे खड़े हो गए हैं।'' ''वह सच्चे क्रांतिकारी थे। वह सच में भारत और भारतवासियों की सेवा कर रहे थे। बिना अपनी परवाह करे बगैर, यह सोचे बगैर कि इसकी वजह से उनकी मृत्यु भी हो सकती है। लेकिन उन्हें इसकी बिल्कुल भी परवाह नहीं थी। वह जिए और उन्होंने अच्छे से परफॉर्म किया, उन्हें केवल अपने दर्शकों की चिंता थी।'' आगे परिणीति कहती है कि वह अपने निभाए गए अमरजोत कौर के किरदार की तरह ही अपना जीवन जीना चाहती है। परिणीति ने कहा,''मैं शायद बस उनके पैर छूना चाहूंगी और बस उनसे वह आत्मविश्वास लूंगी, जिससे मैं अपना जीवन जीने में सक्षम हो जाऊंगी। मैं अपना जीवन उस तरह से जी पाऊंगी जैसा मैं जीना चाहती हूं। मुझे लगता है कि चमकीला और अमरजोत जी के बारे में यह बहुत बड़ी बात है। वे दोनों (अमरजोर कौर और दिलजीत) कभी किसी के दबाव में नहीं झुके। इसलिए ही उन्हें मार दिया गया, लेकिन वे झुके नहीं और अपने दृढ़ विश्वास पर अड़े रहे।

## मोनालिसा के लुक पर फैंस लट्टू



**भोजपुरी** से लेकर टीवी इंडस्ट्री तक अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाने वाली पॉपुलर एक्ट्रेस मोनालिसा सोशल मीडिया पर अपने ग्लैमर अंदाज के लिए जानी जाती हैं। मोनालिसा की तस्वीरों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। मोनालिसा ने अपने फैंस का खयाल रखते हुए एक बार फिर अपनी ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। मोनालिसा की नई तस्वीरों में उनका अंदाज फैंस को खूब पसंद आ रहा है और वह उन पर प्यार बरसा रहे हैं। यहां पर आप मोनालिसा की लेटेस्ट फोटोज देख सकते हैं। मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। मोनालिसा का कातिलाना अंदाज फैंस को घायल कर रहा है। मोनालिसा ने साड़ी में क्लिक करवाईं 5 तस्वीरें, भोजपुरी एक्ट्रेस के देसी लुक से नहीं हटेंगी आपकी निगाहें मोनालिसा की किलर स्माइल देख फैंस उन पर लट्टू हो रहे हैं। मोनालिसा की हर एक अदा फैंस का ध्यान खींच रही है। मोनालिसा ने ब्लैक कलर की डीपनेक ड्रेस पहनी हुई है। मोनालिसा के ऊपर ये ड्रेस काफी ज्यादा अच्छी लग रही है। भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने लेटेस्ट रील में बताई अपनी मुश्किल, धड़ल्ले से वायरल हुआ वीडियो मोनालिसा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। मोनालिसा के फैंस तस्वीरों को पसंद कर रहे हैं और प्यार बरसा रहे हैं। मोनालिसा के खुले बालों में तस्वीरें क्लिक करवाईं। मनोलिसा के खुले बाल उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। मोनालिसा अपनी ग्लैमरस तस्वीरों के अलावा अपनी डांस वीडियो भी फैंस के लिए शेयर करती रहती हैं। मोनालिसा की डांस वीडियोज लोगों को खूब पसंद आते हैं। मोनालिसा के काम की बात की जाए तो वह भोजपुरी इंडस्ट्री की पॉपुलर फेस हैं। इसके साथ ही मोनालिसा टीवी इंडस्ट्री में भी करियर बनाया है।

# लखनऊ ने चेन्नई को किया चित्त






**लखनऊ।** लखनऊ सुपरजाएंट्स के कप्तान केएल राहुल और क्विंटन डिकॉक ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की और पांच बार की चैंपियन टीम को अपने होम ग्राउंड पर चित्त कर दिया। दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए हुई शतकीय साझेदारी के दम पर लखनऊ सुपरजाएंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को आठ विकेट से हराया। लखनऊ को पिछले दो मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन टीम जीत की पटरी पर लौटने में सफल रही। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रवींद्र जडेजा के नाबाद 57 रनों की पारी के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन बनाए। जवाब में राहुल और डिकॉक ने पहले विकेट के लिए 134 रनों की साझेदारी की जिसकी मदद से लखनऊ ने एक ओवर शेष रहते दो विकेट पर 180 रन बनाकर जीत दर्ज की। लखनऊ के लिए केएल राहुल ने 53 गेंदों पर 82 रनों की पारी खेली, जबकि डिकॉक ने 43 गेंदों पर 54 रन बनाए। हार के बावजूद चेन्नई की टीम सात मैचों में चार जीत और तीन हार के साथ आठ लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर बनी हुई है, जबकि इतने ही मैच में सीएसके के समान अंक प्राप्त करने वाली लखनऊ की टीम पांचवें स्थान पर बरकरार है।

## फिर चला धोनी का बल्ला



इस सीजन लगातार बल्ले से प्रभावी प्रदर्शन कर रहे पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का बल्ला इस मैच में भी खूब चला। धोनी जब मैदान पर उतरे उस समय चेन्नई का स्कोर छह विकेट पर 141 रन था और सीएसके की पारी में सिर्फ 13 गेंदें बची थी। धोनी ने 19वां ओवर करने आए मोहसिन खान पर एक चौका और एक छक्का जड़ा, जबकि अंतिम ओवर डालने आए यश ठाकुर पर दो चौके और एक छक्के जड़कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की। हालांकि एक समय चेन्नई की बल्लेबाजी काफी धीमी चल रही थी, लेकिन अंत में सीएसके ने गियर बदला और स्कोर 170 के पार पहुंचाने में सफल रही। जडेजा 40 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 57 रन और धोनी नौ गेंदों पर तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 28 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे।

## चेन्नई की खराब शुरूआत

इससे पहले, लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया था और उसके गेंदबाजों ने सीएसके को शुरूआती झटके देकर कप्तान का फैसला सही साबित करने में ज्यादा देर नहीं लगाई। अपना पहला ओवर करने आए मोहसिन खान ने पहली ही गेंद पर रचिन रवींद्र को आउट कर सीएसके को झटका दिया। रचिन खाता खोले बिना आउट हुए। इसके कुछ देर बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ भी कुछ खास नहीं कर सके और 13 गेंदों पर 17 रन बनाकर यश ठाकुर का शिकार बने। शुरूआती झटकों के बाद चेन्नई ने ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को क्रीज पर भेजा। उन्होंने सलामी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे के साथ पारी को संभालने की कोशिश की। ऐसा लगा कि यह दोनों अनुभवी बल्लेबाज टीम को मुसीबत से उबार लेंगे, लेकिन क्रुणाल पांड्या ने रहाणे को बोल्ड कर इस साझेदारी को ज्यादा देर टिकने नहीं दिया। रहाणे 24 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 36 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद मार्कस स्टोइनिस ने शिवम दुबे (03) रन और क्रुणाल पांड्या ने इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे समीर रिजवी (01) को सस्ते में आउट कर चेन्नई को मुश्किल में डाल दिया।

भारत को लंबी कूद में बड़ा झटका

## घुटने की चोट के कारण श्रीशंकर ओलंपिक से बाहर



**नई दिल्ली।** लंबी कूद के दिग्गज खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं और उन्हें सर्जरी करानी पड़ेगी जिसके कारण वह पूरे 2024 सत्र में नहीं खेल पाएंगे। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीतते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया था। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को शंघाई/सुझोउ और दोहा में क्रमशः 27 अप्रैल और 10 मई को लगातार दो डायमंड लीग प्रतियोगिता के साथ अपने सत्र की शुरूआत करनी थी, लेकिन मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान उन्हें चोट लगी और उनका ओलंपिक में हिस्सा लेने का सपना टूट गया। श्रीशंकर के पिता एस. मुरली ही उनके कोच हैं। श्रीशंकर का कहना है कि उनके शरीर को उनके पिता उनसे बेहतर समझते हैं। श्रीशंकर के पिता पूर्व ट्रिपल जंप एथलीट थे और दक्षिण एशियाई खेलों में रजत पदक विजेता रहे हैं। 1992 एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उनकी मां के.एस. बिजिमोल 800 मीटर रेस में रजत पदक जीती थीं। श्रीशंकर के पिता मुरली एक समय पर शराब के शौकीन थे, लेकिन बेटे के खेल पर ध्यान देने के लिए, उन्होंने इससे दूरी बना ली। टोक्यो ओलंपिक में श्रीशंकर के फेल होने के बाद मुरली ने ही अपने बेटे को संभाला था। उस समय श्रीशंकर काफी दबाव में थे और डिप्रेशन में भी चले गए थे। वह खेल छोड़कर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहते थे। ऐसे में उनके पिता ने उन्हें संभाला और श्रीशंकर भारत के शीर्ष लॉन्ग जंपर बन गए।

# भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवानों का निराशाजनक प्रदर्शन

**बिश्केक।** अमन सहरावत एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शुक्रवार को अपना सेमीफाइनल हारने के बाद पेरिस खेलों के लिए कोटा हासिल करने से चूक गए, जबकि दीपक पूनिया और सुजीत कलकल को वजन करने के लिए समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का मौका नहीं मिला। अमन ने 57 किग्रा वर्ग में दबदबे वाला आगाज करते हुए अपने शुरूआती दो प्रतिद्वंद्वियों येरासिल मुख्तारुली और सुंगवॉन किम को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। वह हालांकि उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लेव के खिलाफ इस लय को जारी रखने में विफल रहे और 10 अंकों से पिछड़ने के बाद हार गए। भारतीय कुश्ती जगत को अमन से काफी उम्मीदें थी क्योंकि उन्होंने अपने आयु वर्ग में मजबूत माने जाने वाले रवि दाहिया को शिकस्त देकर देश के प्रतिनिधित्व का मौका हासिल किया था। अमन के अलावा जयदीप ने भी 74 किग्रा वर्ग में शानदार शुरूआत की और तुर्कमेनिस्तान के अल अर्सलान बेगेनजोव को हराया। वह क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान के ओरोजोबेक तोक्तोमाम्बेतोवबाद के खिलाफ मुकाबला 2-2 से बराबर होने के बाद हार गए। सुमित मलिक (125 किग्रा) भी अपने पहले दौर में किर्गिस्तान के लखागवागेरेल मुनख्तूर से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गए, जबकि दीपक (97 किग्रा) क्वालीफिकेशन दौर में अराश योशिदा से तकनीकी श्रेष्ठता से हार गए।

दीपक और सुजीत कलकल को एशियन ओलंपिक क्वालीफायर्स में शामिल होने की मंजूरी नहीं मिली। यह दोनों पहलवान मंगलवार से दुबई एयरपोर्ट पर फंसे हुए थे और शुक्रवार को बिश्केक पहुंचे थे। जब तक यह दोनों भारतीय पहलवान वहां पहुंचे, उस समय तक अन्य पहलवानों के वजन की जांच शुरू हो चुकी थी जिसके बाद आयोजकों ने दीपक और सुजीत को मंजूरी देने से इनकार कर दिया।



## 20 अप्रैल 2024 का राशिफल

**मेष राशि:-** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी दी गई सलाह लोगों के बहुत काम आएगी और अधिकारी भी उस पर अमल अवश्य करेंगे। आप अपनी सुख सुविधाओं की वस्तुओं पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे।

**वृष राशि:-** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपनी वाणी और व्यवहार में सकारात्मकता बनाए रखना होगी, तभी आप लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रहेंगे। आपके मित्रों की संख्या में भी इजाफा होगा।

**मिथुन राशि:-** मिथुन राशि के जातक को आज का दिन मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है।

**कर्क राशि:-** आज का दिन आपके लिए तरक्की के नए-नए मार्ग खोलेगा। आप अपनी आय को बढ़ाने के प्रयासों में तेजी लाएंगे और बिजनेस में आ रही समस्याओं को लेकर आप अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। माताजी का कोई पुराना रोग फिर से उभर सकता है।

**सिंह राशि:-** आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके घर किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा, लेकिन आपकी कोई पुरानी गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है, जिसके कारण आपके माता-पिता आपसे नाराज हो सकते हैं।

**कन्या राशि:-** आज का दिन आपके लिए बहुत ही तोलमोल कर बोलने के लिए रहेगा। आप अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखें। आपके रुके व्यवहार के कारण परिवार के सदस्य भी प्रसन्न रहेंगे। किसी पारिवारिक कलह को लेकर आपका मन दुखी रहेगा।

**तुला राशि:-** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी बडे पद की प्राप्ति हो सकती है, लेकिन जो जातक विदेशों में व्यापार करते हैं, उन्हें सावधान रहने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक राशि:-** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होंगे और बिजनेस में यदि आप किसी को साझेदार बनाने के लिए सोच विचारकर रहे थे, तो उसके लिए साझेदारी बना सकते हैं।

**धनु राशि:-** आज का दिन आपके लिए लेनदेन के मामले में सावधानी बरतने के लिए रहेगा। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो उसमें आप लिखापढ़ी करके दे, तो आपके लिए अच्छा रहेगा। आपका कोई प्रॉपर्टी खरीदने का सपना पूरा हो सकता है, लेकिन उसमें आप किसी को साझेदार ना बनाएं।

**मकर राशि:-** आज का दिन आपके लिए अपने आय और व्यय में तालमेल बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपके बढ़ते खर्च आपको परेशान करेंगे, लेकिन आप किसी संपत्ति का सौदा बहुत ही देखभाल कर करें और उसके चल अचल पहलुओं को स्वाधीनता से जांच लें।

**कुंभ राशि:-** आज का दिन आपके लिए भागदौड भरा रहने वाला है जिसके कारण आप परेशान रहेंगे, लेकिन आप अपने से ज्यादा औरों के कामों पर ध्यान लगाएंगे, जो आपको परेशानी देंगे।

**मीन राशि:-** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा और कार्यक्षेत्र में आप टीमवर्क के साथ काम करेंगे, जिसमें आपको अपने जूनियर्स का पूरा साथ मिलेगा। व्यापार में आप अपने कामों में निरंतर आगे बढ़ेंगे। मित्रों का साथ व सहयोग आप पर बना रहेगा।

# कोठी मीना बाजार में गरजेंगे मोदी

- प्रधानमंत्री की जनसभा के लिए पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में हुई मंत्रणा
- हर बूथ से कार्यकर्ता और जनता की रैली में होगी सहभागिताः भानु महाजन

एनएनआई



**आगरा।** कोठी मीना बाजार में आगामी 25 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होनी वाली जनसभा को लेकर महानगर अध्यक्ष भानु महाजन के नेतृत्व में केन्द्रीय कार्यालय में हुई बैठक में भाजपा प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल ने पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं मंत्रणा की। बैठक में 25 अप्रैल की जनसभा को लेकर जिम्मेदारियां पर चर्चा हुई। महानगर अध्यक्ष भानु महाजन ने कहाकि आजादी के अमृत काल में होने वाला यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने वाला है। हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी को जनसभा को सफल बनाना है। बैठक में कहा गया कि पिछले 70 सालों में विपक्ष ने जनता के साथ धोखा किया है। 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता को ऐसी सरकार मिली है जिस पर कोई भ्रष्टाचार और भेदभाव का आरोप नहीं है। कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा जनसंपर्क कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना है। सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारी दी गई है। मीडिया की जिम्मेदारी सुनील करमचंदानी और रोहित कत्याल को सौंपी गई है। बैठक में सुनील टंडन, टीएन अग्रवाल, डॉ. यादवेंद्र शर्मा, वीरेंद्र अग्रवाल, अशोक पिपल, राजकुमार गुप्ता, मुनेंद्र जादौन, विपुल मित्तल, मनवीर चौहान, मनमोहन कुशवाहा, मनीष गौतम, महेश शर्मा, एसपी भारद्वाज, विक्रांत तिवारी, राहुल सागर, मनोज राजोरा, गौरव राजावत, शैलू पंडित, सुनील करमचंदानी, रोहित कत्याल आदि मौजूद रहे।

# चिकित्सक कमल खिलाने में करें सहयोग

- लोकतंत्र की रक्षा में संभ्रांत समाज का अहम योगदानः डॉ. अरुण सक्सेना
- तुष्टिकरण से बचने को चिकित्सक राजनीतिक चेतना को करें जागृतः बघेल

एनएनआई



**आगरा।** भाजपा का उद्देश्य राजनीति नहीं सेवा है। कोरोना संकट काल में जब विपक्ष के लोग घरों में बैठे हुए थे तब भाजपा के जन प्रतिनिधि और पदाधिकारी अपनी जान की परवाह किए बगैर सेवा कार्य में जुटकर संक्रमण से निपट रहे थे। उक्त विचार प्रदेश के वन और पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना ने होटल पीएल पैलेस में भाजपा चिकित्सक सम्मेलन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा लोकतंत्र की रक्षा में संभ्रांत समाज का योगदान होना चाहिए। चिकित्सकों की हर समाज में गहरी पैठ होती है। समाज के हर वर्ग का व्यक्ति चिकित्सकों के पास जाता है और चिकित्सक हर वर्ग के संपर्क में रहता है। सम्मेलन में केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश की चिकित्सा सुविधाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन आ रहा है। सभी विश्वविद्यालय में नर्सिंग और फामेर्सी पाठ्यक्रम शुरू किये जा रहे हैं। प्रो. बघेल ने कहाकि चिकित्सक राजनीतिक चेतना को जागृत करें नहीं तो सत्ता फिर तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले लोगों के हाथों में चली जाएगी। आजादी के अमृतकाल का यह चुनाव देश की दिशा और दिशा बदलने वाला चुनाव है। इससे पहले मुख्य अतिथि डॉ. अरुण सक्सेना, प्रो. एसपी सिंह बघेल, महानगर अध्यक्ष भानु महाजन और शहर के प्रबुद्ध चिकित्सकों ने कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र और पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया। सम्मेलन में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के ब्रज क्षेत्र सहसंयोजक डॉ. पंकज नगायच, डॉ. राजीव उपाध्याय, डॉ. डीवी शर्मा, डॉ. मुकेश गोयल, डॉ. अनूप दीक्षित, डॉ. निर्मल चोपड़ा, डॉ. रवि पचौरी, डॉ. शरद गुप्ता, डॉ. मुकेश गोयल, अरुण जैन, डॉ. अलका सेन, डॉ. एके गुप्ता, डॉ. बीके अग्रवाल, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. नेहा सक्सेना, नवीन गौतम, गौरव शर्मा, दिगंबर धाकरे, गौरव राजावत, संजय अरोरा, क्षमा जैन, ज्योति जादौन, सुनील करमचंदानी, रोहित कत्याल सहित बड़ी संख्या में शहर के चिकित्सक मौजूद रहे।

